विश्वनाथ मम नाथ पुरारी। त्रिभुवन महिमा बिदित तुम्हारी।।
नाथ कृपां अब गयेऊ बिषादा। सुखी भयउँ प्रभु चरण प्रसादा।।
|| Ram Katha 965 - ✻मानस गोपनाथ || Gopnath, Mahua ( Gujarat) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 84 | इंदौर, मंगलवार 07 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## चुनाव की घोषणा के साथ भाजपा ने दिया नया नारा 25 से 30, हमारे दो भाई नरेंद्र और नीतीश



**पटना, (एजेंसी)** 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सीएम नीतीश कुमार को बड़ा भाई बनाकर उनके चेहरे पर चुनाव लड़ी थी। जनता दल यूनाईटेड को 43 सीट आने पर भी भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ही बनाया था। इस बार चुनाव से पहले विपक्ष लगातार यह कह रहा है कि चुनाव के बाद भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी। लेकिन, भाजपा के वरिष्ठ नेता हमेशा कहते हैं ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही इस बार भी चुनाव लड़ेगी। इस बात को भाजपा ने और पुख्ता कर दिया। एक नया नारा देकर। बिहार चुनाव की घोषणा होते ही भारतीय जनता पार्टी ने नया 25 से 30, हमारे दो भाई नरेंद्र और नीतीश। यानी 2025 से 2030 तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। भाजपा ने सोशल मीडिया पर भी कुछ ऐसे ही नारे लिखे। जैसे, 'बिहार में जारी रहेगी विकास की तेज रफ्तार, 14 नवंबर को फिर एक बार एनडीए सरकार' । इसके अलावा भाजपा ने लिखा कि 'जनता का विश्वास, फिर से NDA सरकार! बस 38 दिन का है इंतज़ार, थमेगी नहीं विकास की रफ्तार।' वहीं एक अन्य पोस्ट में भाजपा ने लिखा कि 'बिहार की जनता का मूड, मन-मिजाज सिर्फ एनडीए के साथ, 160 से अधिक सीटों पर जीतकर 14 नवंबर को फिर आ रही प्रचंड बहुमत की सरकार!'

## 'टैरिफ ने रोक लिया, वरना छिड़ जाता भीषण युद्ध...', भारत-PAK सीजफायर पर ट्रंप का ये बड़ा दावा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर दुनियाभर के एक्सपर्ट्स भले कुछ भी कह रहे हों और इसकी आलोचना कर रहे हों, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति इसे न केवल देश के राजस्व में तगड़ा इजाफा करने वाला करार दे रहे हैं, बल्कि अब तो टैरिफ को लेकर एक बड़ा दावा करते नजर आ रहे हैं. जी हां, ट्रंप के मुताबिक, टैरिफ की वजह से ही दुनिया में कई देशों के बीच होने वाले युद्ध रुके हैं. उन्होंने खासतौर पर भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल मई में बढ़े संघर्ष (India-Pakistan War) का उदाहरण भी दिया है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हफ्ते व्हाइट हाउस में बताया कि उनके द्वारा लागू किए गए टैरिफ से न सिर्फ अमेरिकी राजस्व बढ़ा है, बल्कि इसे लेकर दी गई धमकियों से कई युद्ध भी रुके हैं. बता दें कि मई 2025 से अब तक ट्रंप 40 से ज्यादा बार इस तरह के दावे दोहरा चुके हैं, जिनमें टैरिफ को कारगर बताया गया है. व्हाइट हाउस द्वारा यूट्यूब पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में डोनाल्ड ट्रंप कहते हुए नजर आ रहे हैं कि, 'अगर मेरे पास टैरिफ लगाने की शक्ति नहीं होती, तो सात में से कम से कम चार युद्ध तो छिड़ ही जाते.'

छिंदवाड़ा प्रकरण

# सभी दोषियों के विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि छिंदवाड़ा प्रकरण में सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार सजग और संवेदनशील है, मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

इस क्रम में औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा गौरव शर्मा, औषधि निरीक्षक जबलपुर शरद कुमार जैन, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन शोभित कोस्टा को निलंबित और ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्य को अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा प्रकरण के संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्च स्तरीय बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैडियाट्रिक्स सहित चिकित्सकों के विभिन्न संगठनों और केमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से आवश्यक सावधानियां अपनाने और जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसी स्थिति दोबारा न बने इसके लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोल्ड्रिफ सिरप की निर्माता कंपनी पर कार्यवाही के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार को घटनाक्रम से अवगत कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया और हिमाचल प्रदेश व तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर्स को भी इस आशय की सूचना दी गई। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोलर से कोल्ड्रिफ सिरप की जांच रिपोर्ट में नमूने अमान्य पाये जाने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सिरप के विक्रय को पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित किया गया। साथ ही अधिकांश मरीजों को कोल्ड्रिफ दवा लिखने तथा अपने परिवार के सदस्य के माध्यम से कोल्ड्रिफ दवा की बिक्री कराने वाले डॉक्टर के निलंबन और दवा निर्माता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री राजेंद्र शुक्ल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव सहित अधिकारी उपस्थित थे।



### अभियान चलाकर घर-घर से रिकवर करें प्रतिबिंधत दवा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोल्ड्रिफ सिरप के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही दुकानों में विद्यमान स्टॉक जप्त किया जाए। छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों में जिन परिवारों ने यह दवा ली है, उनके घरों से दवा रिकवर करने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए। कोल्ड्रिफ सिरप दवा के अलावा पिछले दिनों क्षेत्र में बिकने वाली अन्य दवाओं की प्रभावशीलता का भी आकलन कराया जाए। दवाओं पर जो चेतावनी और सावधानियां लिखी जानी चाहिए, वह लिखी जा रही हैं या नहीं इसकी जांच के लिए अभियान आरंभ किया जाए।

# प्रतिबंधित कफ सिरप किसी डॉक्टर ने लिखी तो भेजेंगे जेल : कलेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा ने जहरीले कफ सिरप के मामले में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित ड्रग्स वाली कफ सिरप अगर किसी डॉक्टर ने लिखी तो एफआईआर दर्ज कर सीधे जेल भेजें देंगे। उन्होंने सीएमएचओ, फूड एंड ड्रग डिपार्टमेंट को सख्त निर्देश दिए हैं कि दवा बाजार, मेडिकल स्टोर व शिशु रोग विशेषज्ञ अस्पतालों पर नजर रखे। अगर कहीं कोई हुई चूक तो सख्त करे।



कलेक्टर ने यह भी बताया कि जिस जहरीले कफ सिरप के कारण छिंदवाड़ा में बच्चों की जान गई वो इंदौर में सप्लाई नहीं हुई थी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि जिले में अभियान चलाकर इस कफ सिरप की जांच की जा रही है। साथ ही सभी ड्रग कंट्रोलर को फील्ड में रहकर विशेष निगरानी के भी निर्देश दिए हैं। कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। ऐसे में अगर कोई डॉक्टर इसे लिखता है या केमिस्ट इसकी बिक्री करता पाया जाएगा तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्रतिबंधित कफ सिरप की बिक्री को रोकने के लिए प्रशासन के द्वारा विशेष टीम का भी गठन किया गया है।

## ट्रकों की नो एंट्री से ट्रांसपोर्टर नाराज इंदौर में ट्रकों की हड़ताल शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कुछ दिनों पहले इंदौर के एरोड्रम मार्ग पर हुए ट्रक हादसे के बाद पुलिस ने शहर के प्रमुख मार्गों पर ट्रकों की एंट्री पर सख्ती शुरू कर दी है। ट्रकों को घंटों तक भीतर के मार्गों पर प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। इससे ट्रांसपोर्टर नाराज है। पिछले दिनों ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने ट्रकों की हड़ताल का निर्णय लिया था। सोमवार से ट्रकों की हड़ताल शुरू हो गई। इस कारण ट्रकों से माल ढुलाई का काम बंद हो गया है। इससे दूसरे व्यापार भी प्रभावित हो रहे हैं।

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सचिव कपिल शर्मा का कहना है कि सख्ती के नाम पर बेवजह ट्रकों की एंट्री में परेशानी खड़ी की जा रही है। चालान भी बनाए जा रहे हैं, जबकि तय नियमों के अनुसार ही ट्रकों को शहर में प्रवेश की पात्रता तय की गई है। छह से आठ घंटे तक ट्रकों को शहरी सीमा के बाहर खड़ा किया जाता है। इससे समय ज्यादा लग रहा है और ट्रक मालिकों को ड्रायवरों व क्लीनरों को भी अतिरिक्त पैसा देना पड़ रहा है। इंदौर में ट्रकों की हड़ताल के कारण गोदामों तक माल नहीं पहुंचा। इससे दूसरे व्यापारी भी परेशान हुए।

# जिले में भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान सख्ती से क्रियान्वित किया जाएगा: कलेक्टर शिवम वर्मा

## सार्वजनिक स्थानों और मठ-मंदिरों में भिक्षावृत्ति करने वालों को रेस्क्यू करने के दिए निर्देश

◆ भिक्षावृत्ति की सूचना देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान को लेकर कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इंदौर जिले में पुनः भिक्षावृत्ति शुरू नहीं हो, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए। विशेषकर बड़ा गणपति, रेलवे स्टेशन, सत्य साईं चौराहा, विभिन्न मठ-मंदिरों, आश्रमों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जहां भिक्षावृत्ति की जाती है, उसे सख्ती से रोका जाए। इसके लिए विशेष रेस्क्यू टीमें बनायी जाए, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर निगम, होमगार्ड, श्रम विभाग, राजकीय बाल संरक्षण आश्रम के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हो। साथ में विशेष पुलिस किशोर इकाई के अधिकारी और कर्मचारियों को भी इस टीम में शामिल किया जाए। ऐसी दो-तीन टीमें शहर में अलग-अलग स्थानों पर लगातार कार्रवाई करें, ताकि कहीं भी भिक्षावृत्ति नहीं हो।**



भिक्षा मांगना भी अपराध है और भिक्षा देना भी इसी श्रेणी में आता है। जो लोग भिक्षावृत्ति की सूचना देते है, ऐसे लोगों को नगद इनाम देकर पुरस्कृत किया जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि भिक्षावृत्ति करने वालों को रोकना ही नहीं, उन्हें आजीविका से जोड़ने के लिए भी योजनाएं बनायी जाए। उन्होंने आगे कहा कि भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए रेस्क्यू करने वाली टीमें इस बात का विशेष ध्यान रखें कि जिन लोगों ने पूर्व में भिक्षावृत्ति छोड़ दी क्या वे पुनः इसी क्षेत्र में वापस आ रहे हैं। जो लोग विशेषकर किशोर एवं युवा नशा करते हैं या वे अपराधी प्रवृति के है, ऐसे लोग भी भिक्षावृत्ति के क्षेत्र में बड़ी संख्या में संलिप्त है। ऐसे असामाजिक और अपराधिक लोगों को सुधार गृह में भेजा जाये और उनकी बेहतर काउंसलिंग की जाए। सार्वजनिक स्थानों पर लिखे 'बच्चों को भीख नहीं, सीख दीजिए', 'आओ मिलकर भिक्षावृत्ति मुक्त इंदौर बनाए। भिक्षावृत्ति रोकने के लिए गली एवं चौराहों पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रचार किया जाए। इस कार्य में समाज सेवा महाविद्यालय इंदौर के छात्र-छात्राओं एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के युवाओं को जोड़ा जाए। बैठक में अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक हिमांशु प्रजापति, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा, श्रम विभाग की अधिकारी श्रीमती मेघना भट्ट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में राजकीय बाल संरक्षण आश्रम के अधीक्षक दिनेश मिश्रा ने बताया कि इंदौर शहर में भिक्षावृत्ति रोकने के लिए जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग एक विशेष चलाया था, जिसमें दल को विशेष सफलता मिली। इस दल ने पाया कि इंदौर में भिक्षावृत्ति करने वालों की संख्या 6 हजार 500 लोगों से अधिक है, जिसमें बच्चे, किशोर युवाओं से लेकर वृद्धजन तक शामिल है। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की भी है। कुछ लोग आदतन भिक्षावृत्ति करते है जबकि कुछ लोग दूसरों से भिक्षावृत्ति कराते हैं। टीम ने ऐसे सभी भिक्षावृत्तियों की काउंसिंग की गई, जिसमें से 4 हजार 500 लोगों को रेस्यूक किया गया। भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान में 800 लोगों को पुर्नवास किया गया। जिसमें 115 बच्चें एवं किशोर थे। भीख मांगने वाले 172 बच्चों को विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश दिलाया गया।

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

◆ कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय समिति एवं समय-सीमा पत्रों (टीएल) की समीक्षा बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय समिति एवं समय-सीमा पत्रों (टीएल) की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजस्व प्रकरण में गति लाते हुए, उन्हें निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करें। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, गृह विभाग, सहकारिता विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, लोक निर्माण विभाग, श्रम विभाग, ऊर्जा विभाग आदि विभागों के लंबित प्रकरण भी समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी शिकायतों एवं योजनाओं के प्रकरण के समाधान में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक हिमांशु प्रजापति, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी, जिला आपूर्ति एवं खाद्य नियंत्रक एमएल मारू सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### सोयाबीन खरीद भावांतर योजना की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी अपर कलेक्टरों, अनुविभागीय अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोयाबीन खरीद भावांतर भुगतान योजनातंर्गत किसानों का पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जाए। पंजीयन पीएसीएस/सीएससी/एमपी किसान ऐप के माध्यम से कराये जाए। भावांतर योजना की जानकारी सभी कृषि उपज मंडियों में होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से दी जाए। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। मंडियों एवं विक्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने के लिए छायादार टीन शेड लगाये जाए। साथ ही पीने के पानी एवं बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। पार्किंग की व्यवस्था सहित किसानों की फसलों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जाए। पीओएस मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए। साथ ही कम्प्यूटर ऑपरेटरों की संख्या में वृद्धि की जाए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़े। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि प्रत्येक मंडी के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति, योजना के दुरुपयोग को रोकने के लिए व्यापारी के स्टॉक की उपलब्ध रियल टाइम जानकारी का समय-समय पर सत्यापन, मॉडल रेट की सतत निगरानी जिससे कि अनावश्यक गिरावट न हो और भावंतर योजना के तहत खरीदे गए सोयाबीन का भुगतान बैंक खातों में सुनिश्चित किया जायेगा।

### सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी के मामलों पर दिखाई सख्ती

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे बैठक में पूर्व तैयारियों के साथ आए और प्रत्येक निर्देश को नोट करें। काम नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी अपर कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ विभागों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग करें।

### इंदौर को रैंकिंग में टॉप जिलों में बनाये रखें

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे पारदर्शिता, समन्वय और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। सीएम हेल्पलाइन के तहत शासन की रैंकिंग में इंदौर को टॉप जिलों की सूची में बनाये रखना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है, इसके लिए सभी विभाग लंबित प्रकरणों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में हो और नागरिकों की समस्याओं के प्रति गंभीरता हो।

# नगर निगम के ऑडिट विभाग के सीनियर ऑडिटर बसंत मंडलोई ने पद से इस्तीफा दिया

◆ लिखा कि मैं यदि अब नौकरी पर रहा तो जबरदस्ती मेरा नाम किसी भी भ्रष्टाचार में जोड़ दिया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम में ऑडिट विभाग के सीनियर ऑडिटर बसंत मंडलोई ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने संयुक्त संचालक के शोकॉज नोटिस का भी जवाब दिया है। कहा कि मैंने जो मैसेज लिखा था उसमें कुछ भी गलत नहीं है।**



दरअसल, 8 सितंबर को बसंत मंडलोई ने विभागीय व्हॉट्स एप ग्रुप पर एक मैसेज किया था। जिसमें उन्होंने लिखा था कि इंदौर संभाग में कई जगहों पर कम से कम दो साल से ऑडिट को अंतिम रूप नहीं दिया है इसलिए इन जगहों खंडवा, बुरहानपुर सहित अन्य शहरों के सहायक संचालक, ऑडिटर या तो काम नहीं कर रहे है या काम करने में अक्षम हैं। बसंत मंडलोई के मैसेज को लेकर विभाग के संयुक्त संचालक राजकुमार सोनी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। मंडलोई ने इस नोटिस का जवाब 6 अक्टूबर को सौंपा है। इसमें उन्होंने लिखा कि मैंने जो मैसेज किया था, उसमें कुछ भी गलत नहीं है। जहां ऑडिट करने में अनियमितता है, वहां अफसर खुद जाकर चेक कर सकते हैं। इस पर सोनी ने मंडलोई से कहा कि अफसरों के बारे में इस तरह की टिप्पणी सार्वजनिक रूप से करने का अधिकार आपको नहीं है। सभी अफसर जिम्मेदार हैं और वे अपना काम सुचारू रूप से कर रहे हैं। मंडलोई ने सोमवार को स्पष्टीकरण देने के बाद अपना इस्तीफा भी मुख्यालय को सौंप दिया। उन्होंने लिखा कि मैं यदि अब नौकरी पर रहा तो जबरदस्ती मेरा नाम किसी भी भ्रष्टाचार में जोड़ दिया जाएगा। मुझ पर कई लोगों का अतिरिक्त प्रभार भी है, इस वजह से मानसिक स्थिति भी गड़बड़ा रही है।

# एक दिवसीय रोजगार मेला 13 अक्टूबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार इंदौर जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार दिलाने के लिए नियमित रूप से रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे हैं। इसी सिलसिले में आगामी 13 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले (युवा संगम कार्यक्रम) का आयोजन किया गया है। यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। मेले का आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दा नगर इन्दौर में किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार पी.एस. मंडलोई ने बताया कि इस मेले में जहां एक ओर युवाओं को प्रतिष्ठित क्षेत्र की निजी कम्पनियों में नौकरी दिलाई जाएगी, वहीं दूसरी ओर खुद का व्यवसाय स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को लोन के लिए मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- Medplus India, JJMD SkillTech Private limited, Just Dial, Aisect, INFINITY FABTECH PRIVATE LIMITED, Coderwing, रूपरंग स्टोर्स आदि के 350 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन हेतु उपस्थित रहेगी। जिसमें बैंक ऑफिस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फार्मोशिष्ट, सैल्स, बीपीओ, हैल्पर, डिजीटल मार्केटिंग तथा टेक्नीशियन जैसे फिटर/इलेक्ट्रीशियन/ टर्नर/ मशीनिष्ट, वैल्डर आदि विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा। उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की पॉचवी से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में पास एवं तकनीकी योग्यता जैसे आईटीआई के आवेदक भी उक्त पदों हेतु रोजगार मेले में भाग लेकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।

**49.42 करोड़ के आबकारी घोटाले में ईडी ने की कार्रवाई**

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इंदौर उप-जोनल कार्यालय ने 3 अक्टूबर 2025 को अंश त्रिवेदी और राजू दशवंत को करोड़ों रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया है।**




यह कार्रवाई कथित तौर पर फर्जी शराब चालान घोटाले की जांच से जुड़े मामले में की है। ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि अंश त्रिवेदी और राजू दशवंत इस पूरे फर्जीवाड़े के मुख्य साजिशकर्ता हैं। उन्होंने ही धोखाधड़ी की पूरी योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 8 अक्टूबर 2025 तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने जांच में रावजी पुलिस थाने इंदौर में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी, जिसमें कुछ शराब ठेकेदारों पर सरकारी कोष को लगभग 49.42 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। इन पर सरकारी कोष में जमा किए गए चालानों में हेराफेरी और जालसाजी करने का आरोप है। जांच में सामने आया कि आरोपी ठेकेदारों ने पहले नाममात्र की राशि वाले चालान जमा किए और चालान में रुपयों में शब्दों में वाला कॉलम जानबूझकर खाली छोड़ा जाता था। जमा करने के बाद उन्होंने चालानों में राशि को बढ़ाकर शब्दों और अंकों में फेरबदल किया। इन फर्जी चालानों को बाद में शराब देशीगोदामों या विदेशी शराब के मामले में जिला आबकारी कार्यालयों में जमा किया गया, ताकि एक्साइज ड्यूटी, बेसिक लाइसेंस फीस या मिनिमम गारंटी के भुगतान का झूठा प्रमाण दिखाया जा सके। इन जाली दस्तावेजों के आधार पर आरोपियों ने गैरकानूनी एनओसी और लाइसेंस स्वीकृतियां प्राप्त कीं, जिससे राज्य सरकार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। इस घोटाले को लेकर 12 अगस्त 2017 को रावजी बाजार पुलिस स्टेशन में 14 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। उस समय आबकारी विभाग के कई अफसरों को भी निलंबित किया था। निलंबित अधिकारियों में जिला आबकारी अधिकारी संजीव दुबे और अन्य कई अधिकारी शामिल थे। आरोप है कि आबकारी विभाग में इसके पहले तीन साल से फर्जी चालान जमा किए जा रहे थे। आबकारी विभाग के अफसरों को हर 15 दिन में चालान को क्रॉस चेक करना (तौजी मिलान) होना था, लेकिन उन्होंने तीन साल तक ऐसा नहीं किया। इसकी वजह से उनकी साठगांठ साफ नजर आ रही थी। जिस वक्त यह शराब घोटाला हुआ था, उस वक्त जिला आबकारी कार्यालय में जिला आबकारी अधिकारी के पद पर संजीव दुबे नियुक्त थे। यही वजह रही कि आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त संजीव कुमार दुबे सहित 6 अफसरों को निलंबित कर दिया था। निलंबित अधिकारियों में लसूड़िया आबकारी वेयरहाउस के प्रभारी डीएस सिसोदिया, महू वेयर हाउस के प्रभारी सुखनंदन पाठक, सब इंस्पेक्टर कौशल्या सबवानी, हेड क्लर्क धनराज सिंह परमार और अनमोल गुप्ता के नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा 20 अन्य अधिकारियों के तबादले भी किए थे, जिनमें उपायुक्त विनोद रघुवंशी का नाम भी शामिल था।

## निर्माणधीन बिल्डिंग में मजदूर ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमजी रोड इलाके के एक सरकारी स्कूल की निर्माणाधीन बिल्डिंग के बाथरूम में सोमवार सुबह एक मजदूर का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना के बाद शव को एमवाय अस्पताल भेजा गया है। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक चिमनबाग के महाराजा स्कूल की सरकारी बिल्डिंग में जितेन्द्र (18) पुत्र कुंवर सिंह का शव सोमवार सुबह मजदूरों ने फंदे पर लटके देखा था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जितेन्द्र मूल रूप से बांक टांडा का रहने वाला है। उसकी कुछ माह पहले ही शादी हुई है। पत्नी गुंची भी उसके साथ ही इंदौर काम को लेकर आई हुई थी। वहीं साला मुकेश और साढ़ू राकेश भी उसके साथ ही रहते थे। जितेन्द्र यहीं ठेकेदार बीआर गोयल की बिल्डिंग में मजदूरी करता है। पुलिस के मुताबिक जितेन्द्र ने सुसाइड क्यों किया अभी मामले की जांच की जा रही है।

## युवती ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमआईजी इलाके में रहने वाली 19 वर्षीय युवती स्नेहा, पुत्री विजय हिरवे, ने रविवार रात जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार ने उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन दो घंटे बाद स्नेहा की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। एमआईजी पुलिस के अनुसार, स्नेहा को परिवार रात करीब 12 बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। परिवार ने बताया कि स्नेहा ने रात करीब 11 बजे जहर खाया था। थोड़ी देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ी, जिस पर परिवार ने उससे पूछा तो उसने जहर खाने की बात स्वीकार की। हालांकि, आत्महत्या के कारणों को लेकर स्नेहा ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। परिवार ने बताया कि स्नेहा तीन साल पहले पढ़ाई छोड़ चुकी थी और घर पर ही रहती थी। उसका एक बड़ा भाई है और दो बहनें हैं, जिसमें एक बहन की शादी हो चुकी है। परिवार में दो भाई हैं, जिनमें एक नौकरी करता है और दूसरा स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। परिवार ने यह भी बताया कि स्नेहा की किसी लड़के से दोस्ती नहीं थी, वह केवल पिता का मोबाइल इस्तेमाल करती थी। पुलिस ने कहा कि आत्महत्या के पीछे अभी तक कोई स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है।

## एमवाय अस्पताल में दोबारा चोरी करने पहुंचे मोबाइल चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल में मरीजों और परिजनों के मोबाइल चुराने वाले दो आरोपियों को लोगों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों आरोपी पहले भी एक मोबाइल चोरी कर चुके थे और जब दोबारा वारदात करने पहुंचे तो पहचान लिए गए। पुलिस ने दोनों से चोरी का मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, विजय पुत्र मोहनलाल ढोली निवासी खजूरी पंथ, सामगढ़ (मंदसौर) की शिकायत पर नरेन्द्र पुत्र उमराव सिंह निवासी गांधी नगर (सरकारी स्कूल के पीछे) और सौरभ उर्फ अजय पुत्र मेहरबान सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। विजय ने बताया कि उसकी मां धापूबाई का एक्सीडेंट हो गया था और वे एमवाय अस्पताल की चौथी मंजिल पर भर्ती थीं। 3 अक्टूबर को उसने मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था, उसी दौरान दो युवक वहां खड़े थे। वह बाथरूम गया तो आरोपियों ने मौका देखकर मोबाइल चुरा लिया और भाग निकले। काफी तलाश के बाद भी वे नहीं मिले। रविवार को विजय ने अस्पताल गेट पर दोनों युवकों को फिर देखा। उसने एक आरोपी को पकड़ लिया और शोर मचाया, जिससे आसपास मौजूद लोगों ने दूसरे युवक को भी दबोच लिया। दोनों को पुलिस के सुपुर्द किया गया। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्होंने और कहां-कहां चोरी की वारदातें की हैं।

## बायपास पर कुत्ते को बचाने में बाइक सवार गिरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बायपास पर कुत्ते को बचाने की कोशिश में बाइक सवार देवर-भाभी का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़े। इस दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस का भी संतुलन बिगड़ा, लेकिन ड्राइवर ने सतर्कता दिखाते हुए बस को संभाल लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। गिरने से देवर-भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रविवार देर शाम बायपास स्थित पांच महुआ रोड, सिमरोल के पास हुआ। फूल व्यवसायी लाल सिंह (34) और उनकी भाभी संजना कुशवाह (38) निवासी सिमरोल, इंदौर से सामान लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बायपास पर अचानक एक कुत्ता तेज रफ्तार से दौड़ते हुए आया। उन्होंने कुत्ते को बचाने की कोशिश की, लेकिन कुत्ता बाइक के अगले पहिए से टकराकर भाग गया और बाइक असंतुलित होकर गिर गई। उसी समय पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक बस पास आ गई, लेकिन बस ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को एक ओर मोड़ दिया, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

**भाजपा बैठक में प्रस्ताव पारित**

# 'लव जिहाद' के आरोप में बुरे फंसे कांग्रेस पार्षद कादरी का पद जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सोमवार को भाजपा पार्षद दल की बैठक में लव जिहाद फंडिंग के मामले में उलझे पार्षद अनवर कादरी को हटाने का प्रस्ताव पास हो गया है। पिछली महापौर परिषद की बैठक में यह तय हुआ था कि तमाम पार्षदों की मौजूदगी में प्रस्ताव लाया जाएगा। भाजपा कार्यालय पर बैठक रखी गई जिसमें नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित सभी पार्षद उपस्थित थे। बैठक में यह तय हो गया है कि नगर निगम से पार्षद कादरी की रवानगी हो जाएगी।**



इंदौर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि आगामी नगर निगम सम्मेलन को लेकर निगम पार्षद दल की बैठक बीजेपी कार्यालय में हुई थी। बैठक में हमने सभी पार्षदों को व्हिप जारी किया है कि निगम सम्मेलन के दिन सभी की उपस्थिति अनिवार्य है, क्योंकि सम्मेलन उस दिन एक इतिहास दर्ज करने जा रही है। मुझे लगता है कि इंदौर के इतिहास में पहली बार किसी पार्षद को बर्खास्त करने की कार्रवाई नगर निगम के सम्मेलन में होने जा रही है। पार्टी कार्यालय से सभी पार्षदों को यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उस दिन अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना है, क्योंकि यह देश की महिलाओं के सम्मान से जुड़ा मामला है। मिश्रा ने आगे कहा कि लव जिहाद के लिए फंडिंग करने वाले और आपराधिक कृत्य करने वाले अपराधी को निगम परिषद में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। अनवर कादरी इंदौर के वार्ड नंबर 58 से कांग्रेस के पार्षद हैं। उनकी पार्षदी समाप्त करने की प्रक्रिया को जून माह से ही अमल में लाया जा रहा है। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने 20 जून को संभागायुक्त दीपक सिंह को इस बारे में पत्र लिखा था। उन्होंने कादरी को पद से हटाने का अनुरोध किया था। महापौर ने अपने पत्र में बताया था कि अनवर कादरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज है और उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि को देखते हुए उन्हें पद से हटाना जरूरी है। पार्षद अनवर कादरी पर गंभीर आरोप लगे हैं। मामला जून माह का है, जब एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दो युवकों ने हैरान करने वाला खुलासा किया था। उनका कहना था कि कादरी ने उन्हें पैसे दिए थे ताकि वे हिंदू महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन और वेश्यावृत्ति की ओर धकेलें। वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया था और पुलिस ने फौरन मामला दर्ज कर लिया था।

## तंदूरी बार में विवाद,प्रॉपर्टी ब्रोकर पर बीयर की बोतल से हमला, डॉक्टर को भी पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में जेल से छूटकर आए बदमाशों ने दो दिन पहले एक ड्रग पेडलर को अपहरण कर पेड़ से बांधकर पीटा था। वहीं, रविवार को गुमाश्ता नगर के एक बार में बदमाशों ने प्रॉपर्टी ब्रोकर कार्तिक उर्फ टोनू शिंदे और उनके डॉक्टर दोस्त भरत सोनी पर हमला कर दिया। इस हमले में कार्तिक को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, कार्तिक प्रॉपर्टी डेवलपमेंट का काम करते हैं। रविवार रात वे और उनका दोस्त डॉक्टर सोनी गुमाश्ता नगर रिंग रोड पर एक बार में बैठकर शराब पी रहे थे। तभी सामने वाली टेबल पर बैठे मोहित और उसके साथियों ने घूरने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। कहते-सुनते मामला बढ़ा और मोहित ने कार्तिक के मुंह पर बीयर की बोतल से वार कर दिया। इस घटना में कार्तिक का सिर और चेहरा घायल हो गया। डॉक्टर भरत सोनी ने बचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी हमला किया और मौके से सामान फेंकते हुए भाग गए। घायल कार्तिक को डॉक्टर अपने निजी अस्पताल ले गए। बाद में पुलिस को रात में इसकी जानकारी दी गई। घटना स्थल तंदूर बार, द्वारकापुरी और चंदन नगर थाने के बीच आता है। पुलिसकर्मी चेकिंग करते हैं, लेकिन इसके बावजूद बदमाशों ने हमला किया और फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परासिया में प्रभावित परिवारों के घर जाकर की मुलाकात

**'यह सिर्फ आपकी नहीं, हम सबकी पीड़ा है' गहन दुःख व्यक्त कर सबको बंधाया ढांढस**

## उच्च स्तरीय जांच के साथ सभी दोषियों के विरुद्ध की है कड़ी कार्यवाही





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/परसिया, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के परासिया में कफ सिरप के सेवन से हुई मासूम बच्चों की असामयिक मृत्यु की घटना पर अत्यंत संवेदनशील कदम उठाते हुए पूर्व में तय अपने सभी कार्यक्रम निरस्त कर सोमवार को छिंदवाड़ा के परासिया पहुंचे और मृत बच्चों के परिजनों से उनके घर जाकर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजन से भेंटकर गहन दुःख व्यक्त कर उन्हें ढांढस बंधाया और भरी आंखों से अपनी आत्मीय संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी ने शोक संतप्त परिजन को एक भावनात्मक संबल दिया।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परासिया क्षेत्र की नगर परिषद न्यूटन पहुंचकर मासूम को खोने वाले खान परिवार और ग्राम बेलगांव के डेहरिया परिवार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बाद में परासिया मुख्यालय पहुंचे और वहां खान परिवार, ग्राम दीघावानी के यदुवंशी परिवार और उमरेठ के सोनी परिवार से मुलाकात की। संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्राम बड़कुही पहुंचकर यहां के ठाकरे परिवार, ग्राम सेठिया के पिपरे परिवार और ग्राम इकलेहरा के उईके परिवार से मुलाकात कर उनके दुःख में शामिल हुए और शोक संतप्त परिजन के आंसू पोछते हुए कहा कि यह सिर्फ आपकी नहीं, मेरी और हम सबकी पीड़ा है। आपके बच्चों का दुख मेरा भी है। वेदना की इस घड़ी में मैं, और पूरी सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहर कि सभी दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

न्यूटन में खान परिवार की पीड़ित माता आफरीन, जिन्होंने अपना 5 वर्ष का बेटा खोया है, मुख्यमंत्री को अपने समक्ष देखकर रो पड़ी। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चे को तो नहीं बचा पाए, लेकिन अभी जो बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं, यदि वे बच जाएंगे, तो हमारे दिल को बड़ी दिलासा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना अत्यंत ही दुखद और हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाया कि सबको न्याय मिलेगा। घटना के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति या संस्था इस हादसे के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें कठोरतम दंड दिलाया जाएगा। आज ही दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीड़ित परिजन से कहा कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में उनके साथ है। कोई भी परिजन खुद को असहाय या अकेला महसूस न करे। सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जनता के सुख-दुख में राज्य सरकार हमेशा सहभागी है। घटना से पीड़ित परिजन को सभी प्रकार की शासकीय मदद तत्परता से मुहैया कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवारों को सांत्वना देते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति कतई नहीं होने पाये।

### उच्चस्तरीय जांच जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है और हम दोषियों को बख्शेंगे नहीं। साथ ही भर्ती बच्चों का इलाज ठीक तरीके से हो, इसके लिए प्रशासनिक टीम भी तैनात कर दी गई है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में हुई घटना में कार्रवाई करते हुए हमने तमिलनाडु की संबंधित फैक्ट्री की दवाइयों पर प्रतिबंध लगाया है। कड़ी कार्यवाही करते हुए तीन अधिकारियों उप औषधि नियंत्रक एवं नियंत्रण प्राधिकारी औषधि प्रशासन भोपाल शोभित कोष्टा, औषधि निरीक्षक जबलपुर शरद जैन और औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा गौरव शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। फूड एंड ड्रग कंट्रोलर को भी स्थानांतरित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवारों से मिलने के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से कहा कि इस मामले में सरकार ने सख्त कार्यवाही की है। संबंधित डॉक्टर पर कार्यवाही के अलावा जिस मेडिकल स्टोर से यह दवा बेची गई थी, उस मेडिकल स्टोर और दवा स्टॉकिस्ट दोनों पर कठोर कार्यवाही की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार बेहद संवेदनशील है और हमारा पूरा प्रयास हैकि प्रदेश में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो। परिजनों से भेंट के दौरान छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह सहित शेषराव यादव भी मौजूद थे।

# केंद्रीय मंत्री बोले... हम तो मामा हैं यार, सबकी सुनते हैं...



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी। सीहोर जिले के बिलकिसगंज में शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के काफिले को कांग्रेस नेताओं ने रोक लिया। कांग्रेस नेताओं ने किसानों को मुआवजा और फसल बीमाकी समस्याओं को लेकर विरोध जताया और इस संबंध में उन्हें ज्ञापन सौंपा।**

कांग्रेस नेताओं ने शिवराज सिंह चौहान को गुलाब का फूल भी दिया। काफिला रोके जाने पर शिवराज सिंह चौहान ने हल्के अंदाज में कहा- 'हम तो मामा हैं यार, जहां कहते हैं रुकते हैं, सबकी सुनते हैं। पहले बात हो जाने दो, फिर नारे लगाना।' शिवराज की यह बात सुनकर कांग्रेस नेता भी मुस्कुराने लगे। पूर्व विधायक और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र पटेल ने किसानों की समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने बताया कि सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई है, लेकिन सीहोर जिले के किसानों को न तो मुआवजा मिला और न ही फसल बीमा का लाभ। सर्वे होने के बाद भी अब तक किसानों के खातों में राशि जमा नहीं की गई है। पटेल ने आरोप लगाया कि पड़ोसी जिलों के किसानों को बीमा और मुआवजा राशि मिल चुकी है, लेकिन सीहोर जिले के किसानों को नजरअंदाज किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं की बात सुनने के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को आश्वस्त किया कि उन्हें फसल बीमा योजना का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में जरूरी निर्देश भी दिए।

**भाजपा नेता बोला-**

# महिला के कपड़े उतारकर घुमाऊंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर में भाजपा नेता का एक महिला को धमकाने का वीडियो सामने आया है। आरोपी इसमें उसे निर्वस्त्र कर घुमाने की धमकी दे रहा है। महिला ने उस पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने उसके खिलाफ 16 सितंबर को शिकायत भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद रविवार को आरोपी मुक्तेश जैन के खिलाफ शारीरिक शोषण, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। केस दर्ज होते ही भाजपा नेता शहर छोड़कर फरार हो गया। आरोपी की तलाश की जा रही है। पीड़ित महिला शिकायत दर्ज करने ग्वालियर थाने भी पहुंची थी, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत नहीं सुनी थी। इसके बाद पीड़िता 16 सितंबर को एसपी कार्यालय की जनसुनवाई में पहुंची। उसने पुलिस अधिकारियों से सुनार व्यापारी और भाजपा नेता जैन पर दुष्कर्म और शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था। उसने धमकी देने की शिकायत करते हुए आरोपी पर कार्रवाई की मांग की थी। एसपी ने संबंधित थाना प्रभारी को कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए थे।

## कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस 7 और 8 अक्टूबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 7 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में दो दिवसीय कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस शुरू होगी। कान्फ्रेंस में पुलिस आईजी और पुलिस अधीक्षक भी शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस में प्रत्येक क्षेत्र में राज्य सरकार की प्राथमिकताएं बतायी जायेंगी। राज्य सरकार के विजन के अनुरूप केन्द्र और राज्य सरकार की क्षेत्रीय प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ 5 और कमजोर 5 जिलों की समीक्षा की जायेगी। कॉन्फ्रेंस में कलेक्टरों के सुझावों पर ध्यान केन्द्रित कर आने वाली विशिष्ट समस्याएं और मुद्दे तथा जिला स्तर पर उस क्षेत्र के साथ अन्य किसी क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए नवाचार पर चर्चा की जायेगी। कॉन्फ्रेंस में 8 सेक्टर होंगे और प्रत्येक सेक्टर के लिए 75 मिनट का सत्र समय रखा गया है।

**धीरेंद्र शास्त्री बोले...**

# दीदी के रहते बंगाल नहीं जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि वे ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री रहते पश्चिम बंगाल में कथा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा- अभी हमको पश्चिम बंगाल जाना था, तो दीदी ने हमको मना कर दिया। परमिशन ही कैंसिल हो गई। दीदी जब तक हैं, तब तक नहीं जाएंगे, दादा जब आएंगे तो जाएंगे।**

दरअसल, कोलकाता में 10, 11 और 12 अक्टूबर को शास्त्री की हनुमंत कथा होनी थी। बारिश की वजह से इसकी परमिशन रद्द कर दी गई। किसी और जगह पर कथा के लिए भी अनुमति नहीं मिली। जिसके चलते शास्त्री ने अब इसे स्थगित कर दिया है। शास्त्री ने रविवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर में कहा- अभी हमको पश्चिम बंगाल जाना था, तो दीदी ने हमको मना कर दिया। समझ गए हम किसकी बात कर रहे हैं, नाम नहीं लेना चाहते हैं...लो, परमिशन ही कैंसिल हो गई और दूसरी जगह परमिशन नहीं मिल रही। जहां थी, वहां पानी भर गया। फिर किसी ने कहा



कि अब क्या कहोगे तो हमने कहा थैंक्यू बोल देना। इसका मतलब ये थोड़ी है कि हम अपना कार्य छोड़ देंगे। दीदी जब तक हैं, तब तक नहीं जाएंगे। दादा जब आएंगे तो जाएंगे। पर भगवान करे कि दीदी बनी रहे। हमें उनसे कोई दिक्कत नहीं। लेकिन बुद्धि ठीक रखें, धर्म के खिलाफ न जाएं। हम किसी राजनीति के पक्ष में नहीं हैं, न ही विरोध में हैं। हम सनातन के पक्ष में है। हिंदुत्व के पक्ष में थे और रहेंगे।

# सूबेदार-उप निरीक्षक भर्ती के लिए विज्ञापन जारी


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत सूबेदार-उप निरीक्षक संवर्ग के 500 पदो की सीधी भरती के लिये चयन परीक्षा-2025 का विज्ञापन मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 7 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित किया जायेगा। परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन-पत्र भरने की तिथि 27 अक्टूबर से 10 नवंबर 2025 तक निर्धारित है। परीक्षा का आयोजन 9 जनवरी 2026 को होगा। परीक्षा केन्द्र प्रदेश के 12 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खंडवा, नीमच, रीवा, रतलाम, सागर, सतना, सीधी, उज्जैन एवं अनूपपुर में होंगे। परीक्षा की नियम पुस्तिका मंडल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर प्रदर्शित की गई है, जिसे डाउनलोड कर आवेदक नियम पुस्तिका में उल्लेखित प्रावधान अनुसार अपना आवेदन-पत्र

## संपादकीय

# पाकिस्तान अपने रणनीतिक गठबंधनों में तेजी से ला रहा बदलाव


भारत के हाथों ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह से पिटने के बाद पाकिस्तान ने अपने रणनीतिक गठबंधनों में तेजी से बदलाव ला रहा है। कई सालों के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्ते ठीक हुए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को खुश करने के लिए सबकुछ करने को तैयार हैं। मुनीर ने अमेरिका को अरब सागर में पहुंच देने के लिए गहरे पाने वाले पासनी बंदरगाह की पेशकश कर दी है। खास बात है कि ये बंदरगाह चीन निर्मित ग्वादर से 100 किमी की दूरी पर ही है। अमेरिका के साथ ही पाकिस्तान ने तुर्की से भी नजदीकी बढ़ाई है। इसने तुर्की को कराची में एक नए औद्योगिक केंद्र के लिए 1000 एकड़ जमीन देने को पेशकश की है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने अमेरिका को पासनी में बंदरगाह बनाने और इसे संचालित करने की अनुमति देने का प्रस्ताव रखा है। यह विचार पिछले महीने पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के बाद आया है, जिसे वॉशिंगटन के सामने रखा गया है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर इस बंदरगाह पर कोई अमेरिकी सैन्य संपत्ति नहीं होगी, लेकिन रणनीतिक रुप से पासनी इतना महत्वपूर्ण है कि इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पासनी की भौगोलिक स्थिति बहुत महत्वपूर्ण है। यह ईरान के चाबहार और पाकिस्तान के ग्वादर के बीच स्थित है। चाबहार बंदरगाह को भारत ने विकसित किया है, तो ग्वादर चीन का महत्वपूर्ण रणनीतिक निवेश है। यह अमेरिका को अरब सागर में दो प्रतिद्वंद्वी शक्तियों के बीच एक अनोखी स्थिति में रखता है। इसके अलावा पाकिस्तान ने कथित तौर पर अमेरिका को ड्रोन की सीमित पहुंच की पेशकश की है। यह 2000 के दशक की शुरुआत की याद दिलाता है, जब अफगानिस्तान में अभियानों के लिए पाकिस्तान के शम्सी एयरबेस से अमेरिकी ड्रोन ऑपरेट होते थे। ओसामा बिन लादेन के मारे जाने के बाद पाकिस्तान में भड़के गुस्से के चलते साल 2011 में ये ऑपरेशन बंद हो गए थे। अमेरिका के लिए यह प्रस्ताव आकर्षक है। पासनी में उपस्थिति उसे अफगानिस्तान और ईरान पर नजर रखने में मदद करेगी।




## Health is Wealth

# तेज दर्द के साथ सीने की तरफ बढ़ती है गैस? ये 1 नुस्खा तुरंत देगा आपको राहत

कई लोगों के पेट में उल्टी गैस बनती है, जिसमें गैस ऊपर की ओर खासतौर से सीने की तरफ बढ़ती है। ऐसे में सीने में काफी तेज दर्द बनता है। अगर आपके साथ भी ऐसी स्थिति बनती है, तो आपको एक आयुर्वेदिक नुस्खा अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए।



पेट में गैस बनना बहुत ही कॉमन है। लेकिन कई बार इसका दर्द इतना भयंकर उठता है कि ये बिल्कुल भी नॉर्मल नहीं लगता। कई लोगों के पेट में उल्टी गैस बनती है, जिसमें गैस ऊपर की ओर खासतौर से सीने की तरफ बढ़ती है। ऐसे में सीने में काफी तेज दर्द बनता है, जो हार्ट अटैक जैसा लगता है। वहीं पेट फूल जाता है, घबराहट होने लगती है और कई बार तेज सिरदर्द भी होने लगता है। ये दर्द काफी असहनीय हो जाता है और जल्दी ठीक नहीं होता। अगर आपके साथ भी ऐसी स्थिति बनती है, तो आपको एक आयुर्वेदिक नुस्खा अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। सेलिब्रिटी न्यूट्रीशनिस्ट श्वेता शाह ने एक वीडियो पोस्ट के जरिए इसे शेयर किया है, आइए जानते हैं।

### ◆ उल्टी गैस बने तो करें ये काम

न्यूट्रीशनिस्ट श्वेता कहती हैं कि आजकल कई लोगों को उल्टी गैस की शिकायत होने लगी है। चूंकि इसमें सीना में तेज दर्द उठता है, इसलिए कई बार लोग काफी घबरा जाते हैं। हालांकि अगर आपको गैस का तेज दर्द उठ रहा है, तो आपको शांत हो जाना चाहिए। ज्यादा तनाव और एंग्जाइटी से गैस और भी भयंकर बन सकती है। इसके साथ ही एक आयुर्वेदिक नुस्खा भी है, जो आपको जरूर ट्राई करना चाहिए।

### ◆ ये आयुर्वेदिक नुस्खा जरूर ट्राई करें

अगर आपको उल्टी गैस बनने की शिकायत है, तो ये सिंपल आयुर्वेदिक नुस्खा आपको जरूर ट्राई करना चाहिए। इसके लिए एक गिलास पानी लें। अब इसमें 1/4 चम्मच हींग, 1/4 चम्मच काली मिर्च पाउडर, आधा चम्मच काला नमक और 1/4 चम्मच सौंठ पाउडर लें। इन सभी चीजों को उबलने दें और तब तक उबालें, जब तक ये पानी आधा गिलास ना हो जाए। अब इसे छानकर गर्म-गर्म ही पी जाएं।

### ◆ इन बातों का ध्यान रखें

न्यूट्रीशनिस्ट कहती हैं कि ये आयुर्वेदिक रेमेडी आपको तुरंत गैस से राहत देती है लेकिन कम से कम एक महीना इसे जरूर ट्राई करें। रोज खाने से पहले आप इसे ले सकते हैं। इसके अलावा ध्यान रखें कि खाने के बाद कम से कम 100 कदम वॉक जरूर करें। कुछ दिन तक अगर रोजाना आप ऐसा करते हैं, तो आपकी समस्या जड़ से खत्म हो जाएगी।

New Delhi

# दिल्ली के पार्क में आधी रात भीषण एनकाउंटर, मारा गया कुख्यात भीम जोरा, खौफ बन गया था नेपाली

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, (एजेंसी)** नेपाल से आकर दिल्ली-एनसीआर में खौफ बन चुका कुख्यात बदमाश भीम जोरा सोमवार की आधी रात मुठभेड़ में मारा गया। गुरुग्राम और दिल्ली पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में भीम बहादुर जोरा को ढेर किया। उस पर दिल्ली के एक डॉक्टर की हत्या के बाद डकैती और गुरुग्राम में भाजपा महरौली की जिला अध्यक्ष ममता भारद्वाज के घर पर 22 लाख की चोरी का आरोप था। दिल्ली पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख का इनाम रखा था। साउथ दिल्ली के आस्था कुंज पार्क में यह मुठभेड़ हुई है। भीम जोरा का साथी मौके से फरार हो गया।



गुरुग्राम सेक्टर 43 क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला था कि भीम जोरा साउथ दिल्ली के आस्था कुंज पार्क में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। क्राइम ब्रांच प्रभारी नरेंद्र अपनी टीम के साथ दिल्ली पुलिस की टीम को साथ लेकर मौके पर पहुंचे तो वहां पर भीम जोरा अपने एक अन्य साथी के साथ बैठा था। पुलिस देखते ही उसने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने आरोपियों को सरेंडर करने की चेतावनी दी लेकिन वह लगातार अंधाधुंध फायर करता रहा। पुलिस पार्टी की जवाबी फायरिंग में भीम जोरा को गोली लग गई और वो घायल हो गया। उसे तुरंत गंभीर हालत में एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

Uttarpradesh

## ऑनलाइन गेम की लत में हत्या: बेटा 10 लाख हारा, फिर खेला खूनी खेल...



**लखनऊ, (एजेंसी)** प्रतिबंधित ऑनलाइन गेम एविएटर में हारे पैसे चुकाने के लिए घर से जेवर चोरी करते समय पकड़े जाने पर बेटे ने ही मां की हत्या कर दी। पुलिस ने तीन दिन बाद सोमवार को बेटे को फतेहपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने वारदात कबूल की है। डेरी संचालक रमेश यादव की पत्नी रेनू की तीन अक्तूबर को हत्या कर दी गई थी। डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि रेनू का बेटा निखिल (21) ऑनलाइन एविएटर गेम में करीब 10 लाख रुपये हार गया था। एक साल में उसने कुल 50 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन किया था। इसके लिए ऑनलाइन एप से लोन भी लिया था। लोन की रकम चुकाने के लिए तीन अक्तूबर को वह जेवर चोरी कर रहा था तो मां रेनू ने उसे देख लिया। पकड़े जाने के डर से निखिल ने पेचकस से रेनू पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। इसके बाद गैस सिलिंडर उठाकर मां के सिर पर मार दिया। फिर जेवर और पिता की बाइक लेकर भाग निकला।

सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि वह कैंट के रास्ते चारबाग स्टेशन पहुंचा। वहां से त्रिवेणी एक्सप्रेस से भाग गया। छानबीन के दौरान पुलिस ने निखिल को फतेहपुर के सुल्तानपुर से गिरफ्तार कर लिया। निखिल पहले भी घर से जेवर चोरी कर चुका था। गेम खेलने के लिए दोस्तों और महिला मित्र से भी पैसे लिए थे। पुलिस ने महिला मित्र से भी पूछताछ की है।

Chhattisgarh

## SUV-ट्रक की टक्कर में बंगाल के 5 लोगों की मौत, कई घायल

**कबीरधाम, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में रविवार को एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) और ट्रक की टक्कर में तीन महिलाओं व एक नाबालिग लड़की समेत पांच लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में पांच अन्य घायल भी हुए हैं। ये लोग मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, एक एसयूवी-बोलेरो और ट्रक की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन महिलाओं और एक नाबालिग लड़की समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। ये लोग पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान घूमने के बाद कोलकाता जाने वाली ट्रेन पकड़ने के लिए बिलासपुर जा रहे थे। यह घटना चिल्फी थाना क्षेत्र के अकालघरिया गांव के पास शाम करीब साढ़े चार बजे हुई। बोलेरो में ड्राइवर समेत कुल 10 लोग सवार थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में दो लड़कियों को कवर्धा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

Bihar

## बिहार में 6 और 11 नवंबर को होगा मतदान, 14 नवंबर को नतीजे

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 2 फेज में वोटिंग होगी। मतदान 6 और 11 नवंबर को और नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। चुनाव आयोग ने सोमवार शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

चुनाव के ऐलान से काउंटिंग तक की प्रक्रिया 40 दिन चलेगी। पहले फेज की वोटिंग छठ के 8 दिन बाद होगी। सभी राजनीतिक दलों ने वोटिंग की तारीखें दिवाली और छठ के बाद रखने की अपील की थी।2010 में इलेक्शन प्रोसेस 61 दिन, 2015 में 60 दिन और 2020 में 47 दिन चली थी। इस तरह पिछले 3 चुनावों में इस बार सबसे कम अवधि में चुनाव होंगे।बिहार में 40 साल बाद दो फेज में चुनाव होने जा रहे हैं। इससे पहले




1985 में चुनाव 2 फेज में हुए थे। भाजपा और आरजेडी ने 2 फेज में चुनाव कराने की मांग की थी। जेडीयू ने एक फेज में चुनाव कराने को कहा था। पिछले चुनाव यानी 2020 में 3 फेज में 20 अक्टूबर से 7 नवंबर के बीच वोटिंग हुई थी। 10 नवंबर को नतीजे घोषित हुए थे। इससे पहले 2015 में 5 फेज में 12 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच वोटिंग और 8 नवंबर को नतीजे आए थे।

खेल

# विमेंस वर्ल्डकप 2025 में साउथ अफ्रीका की पहली जीत, न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया

### ताजमिन ब्रिट्ज ने शतक लगाया, म्लाबा को 4 विकेट

**नई दिल्ली, (एजेंसी) साउथ अफ्रीका ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 में पहली जीत हासिल की है। टीम ने सोमवार को न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया।**



इंदौर के होलकर स्टेडियम में अफ्रीकी टीम ने 232 रन का टारगेट 40.5 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। ओपनर ताजमिन ब्रिट्ज 89 बॉल पर 101 रन की पारी खेली। जबकि सुने लुस नाबाद 81 रन बनाकर नाबाद लौटीं। एमेलिया केर को 2 विकेट मिले। इससे पहले टॉस जीतकर बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड 47.5 ओवर में 231 रन पर ऑलआउट हो गई। 300वां इंटरनेशनल मैच खेल रही न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने 98 बॉल पर 85 रनों की पारी खेली। ब्रूके हैलीडे ने 45 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की नॉनकुलुलेको म्लाबा ने 4 विकेट झटके।

#### 350वें मैच में सूजी बेट्स शून्य पर आउट

करियर का 350वां इंटरनेशनल मैच खेल रही सूजी बेट्स अपना खाता भी नहीं खोल सकी। उन्हें मारिजान कैप ने पारी की पहली बॉल पर LBW कर दिया। पहली बॉल पर बेट्स विकेट गंवाने के बाद जॉर्जिया प्लिमर ने एमेलिया केर के साथ दूसरे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की। केर को 13वें ओवर में नदिन डी क्लर्क ने सुने लुस के हाथों कैच कराया। पावरप्ले-1 में न्यूजीलैंड का स्कोर 38/1 रहा।

### बांग्लादेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ क्लीन स्वीप किया, तीसरा टी-20 मुकाबला 6 विकेट से जीता

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को टी-20 सीरीज में 3-0 से हरा दिया। शारजाह में रविवार को खेले गए तीसरे मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। अफगानिस्तान टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 143 रन बना सकी। 144 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम ने 18 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। बांग्लादेश के लिए नाबाद अर्धशतक लगाने वाले सैफ हसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।अफगान के बैटर्स बड़ी पारी नहीं खेल सके अफगानिस्तान के लिए दरवेश अब्दुल रसूली ने 29 गेंद पर 32 रन बनाए। वे टॉप स्कोरर रहे। सेदिकुल्लाह अटल ने 28 और मुजीब उर रहमान ने 23 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए मोहम्मद सैफुद्दीन ने 3 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट लिए। नसूम अहमद और तंजीम हसन साकिब ने 2-2 विकेट लिए। शोरिफूल इस्लाम और रिशाद हुसैन को 1-1 विकेट मिला। सैफ हसन प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए बांग्लादेश के लिए सैफ हसन ने नाबाद अर्धशतक लगाया। उन्होंने 38 गेंद पर 7 छक्के और 2 चौके की मदद से 64 रन बनाए। तंजीद हसन ने 33 रन बनाए।

सिनेमा

## BB19: मालती का 'बिग बॉस' में पहला दिन, इस अदा पर फिदा हुए फैंस



Bigg Boss 19 Malti Chahar: बीते 'वीकेंड का वार' में रविवार को सलमान खान ने वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट मालती चाहर की बिग बॉस हाउस में एंट्री कराई। घर में दाखिल होते ही मालती चाहर ने सबसे पहले तान्या मित्तल को निशाने पर लिया। वह ज्यादातर घरवालों को या तो तान्या के खिलाफ भड़काती, या फिर तान्या के बारे में पड़ताल करती नजर आईं। घर में फिलहाल थोड़ी शांत लग रहीं मालती अभी अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन इस बीच दर्शक उनकी एंट्री को लेकर अपना ओपिनियन तैयार कर चुके हैं। तो चलिए जानते हैं कि मालती की वाइल्ड कार्ड एंट्री को लेकर क्या है जनता की राय। मालती की वाइल्ड कार्ड एंट्री के बाद दर्शकों ने शो का सोमवार का एपिसोड देखा और इस दौरान उन्हें काफी अच्छी तरह समझ आ गया कि मालती शो में अपनी शुरुआत किस तरह करने वाली हैं। बिग बॉस से जुड़ी खबरें साझा करने वाले प्लेटफॉर्म बिग बॉस तक ने वाइल्ड कार्ड एंट्री को लेकर जो पोस्ट किया उस पर पब्लिक का रिएक्शन देखने लायक है। एक फॉलोअर ने लिखा, 'मालती पहले ही एपिसोड में तान्या को खा गई है।' दूसरे ने लिखा, 'यह लड़की आग है। पहले ही दिन तान्या मित्तल को एक्सपोज कर दिया।'

## Highlights

1. Conduct swift investigation into Jaipur hospital fire: Priyanka
2.
3. Short circuit caused fire: Jaipur hospital as death toll reaches 8
4. 'Itne paise..': Tanmay reacts to being India's richest YouTuber
5. Jadavpur University student missing amid landslides in Darjeeling
6. India's real estate prices set to stabilise in 2025: Report

# Tata Capital IPO subscription reaches $1 billion - Is it worth investing?




**NEW DEIHI, (Agency).** The Tata Capital IPO attracted a subscription worth $1 billion (about ₹8,871 crore) by the first day of the share sale, but the anchor book accounts for half of that.

India's largest initial public offering of 2025 attracted bids for 9.24 crore shares versus a total of 33.34 crore shares on offer—that translated into a subscription rate of 28%, according to data available on the National Stock Exchange on Monday. While the qualified institutional buyers (QIB) picked up 46% of the shares reserved for them, non-institutional investors (NIIs) bid for 17% of theirs. The portions reserved for retail investors and employees were subscribed 22% and 79%, respectively.

On 3 October 2025, the non-banking financial company raised ₹4,640 crore by selling shares to anchor investors, including funds managed by Morgan Stanley, Goldman Sachs Group Inc. and Nomura Holdings Inc. Life Insurance Corp. of India was the biggest buyer.

Tata Capital IPO GMP

The muted show for the Tata Capital IPO was visible in its grey market premium (GMP), even before the share sale commenced on Monday. Unlisted shares of Tata Group's non-banking financial services company traded at a premium of just ₹7.50 over the IPO price—indicating a listing price of ₹333.50 apiece, according to Investorgain. That rose to about ₹12.50-13.00 by midday.

To be sure, GMP is a signal, not a guarantee, for listing-day gains or losses. It is an informal, unregulated indicator of market sentiment. It reflects what traders are willing to pay for a stock in the unofficial market. The GMP can swing wildly, as has been the case with the Tata Capital IPO, and investors would do well to take it with a pinch of salt.

# Auto sales in India surged 35% during Navratri, 5-6% in September 2025, FADA data shows



**NEW DEIHI, (Agency).** Auto sales in India surged by a third in the last 10 days of September 2025 as buyers timed their car and two-wheeler purchases with new GST rates that kicked in with Navratri.

Retail two-wheeler sales, measured as the number of vehicle registrations on the government's VAHAN portal, surged 34.95% year-on-year to 8,35,364 units during the Navratri period from 22 September and 2 October, according to data collated by the Federation of Automobile Dealers Associations. Car sales, during the same time, rose 34.87% to 2,17,744 units.

For the full month of September, two-wheeler sales rose 6.51% to 12,87,735 units while car sales increased 5.80% to 2,99,369 units, according to FADA data. This is a developing story. More to come.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक